जैन साध्वियों की मौत पर निकाली मौन रैली, दिए ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 25 मई। रीवा में पद विहार के दौरान सड़क हादसे में दो जैन साध्वियों के निधन से आहत जैन समाज के लोगों ने सोमवार को मुरैना शहर एवं अंबाह कस्बे में मौन जुलूस निकालकर संतों की सुरक्षा की मांग उठाई। सकल जैन

मुरैना, अंबाह में रैली निकालकर दिए ज्ञापन

समाज ने ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने की मांग की।

जुलूस बड़े जैन मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचा। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा मौन मार्च में शामिल हुए। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जैन साधु-संत पूर्णत: अहिंसक और निहत्थे होकर पद विहार करते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है। इससे पहले बड़े जैन मंदिर में विनयांजलि सभा में समाजबंधुओं ने नवकार महामंत्र का जाप कर दिवंगत साध्वियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अंबाह में कालीपट्टी बांधकर निकाली मौन रैली, दिया ज्ञापन

रीवा में जैन साध्वियों की सड़क हादसे में हुई मौत के विरोध में सोमवार को अंबाह में सकल दिगंबर जैन समाज ने मौन रैली निकालकर संतों की सुरक्षा की मांग उठाई। समाजजनों ने काली पट्टी बांधकर नगर में शांतिपूर्ण मार्च निकाला और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रीवा घटना की एसआईटी या न्यायिक जांचए सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। देशभर में विहाररत जैन संत, साध्वियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने की मांग भी की गई है। रैली में महेशचंद जैन, विजय जैन, नरेश जैन, आनंद टकसारी, विमल भंडारी, संजीव पांडे, संतोष जैन, नीलेश, रवि, लवली, पूरन, महेश विकल, ऊषा भंडारी, पूनम, रजनी, प्रीति, रश्मि, विकास जैन, कुलदीप, अमित, बॉबी, अनिल खरगोला, ओपी जैन, मनीष, कपिल, सुशील, अजय जैन बबलू, राहुल, आकाश जैन आदि शामिल थे।

जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुर्नोत्थान को सब आगे आएं : ऐंदल सिंह

नवभारत न्यूज

मुरैना, 25 मई। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी पर्व के अवसर पर इंदिरा सरोवर बड़ोखर में भव्य कार्यक्रम एवं कलश यात्रा का आयोजन सोमवार को हुआ। जिसमें मप्र के

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकाली कलश यात्रा

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले एवं आसपास के सभी जल स्त्रोतों का संरक्षण, संवर्धन एवं पुनरुद्धार करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को गंभीरता से लें तथा जल का दुरुपयोग न करें। कार्यक्रम में महापौर शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर, कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र धाकरे, गणमान्य नागरिक, पार्षद, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि शासन-प्रशासन के साथ.योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जनता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र की बैठकों एवं कार्यक्रमों में लोगों को जल संरक्षण की महत्ता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सभी जल स्त्रोतों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं संरक्षित बनाना तथा उनका पुनरुत्थान करना है। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से इस अभियान को जनआंदोलन बनाकर सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर इंदिरा सरोवर बड़ोखर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

एक नजर में

जौरा में जनसमस्याओं को कांग्रेस जून में करेगी आंदोलन

मुरैना/जौरा, 25 मई। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने अब जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन का रास्ता चुना है। जौरा विधायक कार्यालय पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर की सफाई, पेयजल और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर जून के पहले सप्ताह में आंदोलन एवं प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ कि कार्यकर्ता वार्डों में पहुंचकर जनता से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को आंदोलन का मुद्दा बनाएंगे। निकाय चुनाव की रणनीति को धार देने के लिए कांग्रेस ने चुनाव अभियान समिति का भी गठन किया है। समिति में डॉ. मुरारीलाल अमर, रामहेत त्यागी, रवि उपाध्याय, जगदीश शुक्ला, जेपी पाराशर, अशोक गर्ग, ललित पाराशर, देवदत्त रानू मिश्रा, डॉ. सुरेश शर्मा, रामहित जाटव, मनोज शर्मा, नरेंद्र त्यागी, सोनू खान, मनुआ खान, बनवारी लाल फौजी, दिलीप जैन, अभिषेक जैन, बबलू शर्मा, भगवानलाल शाक्य और नीकेराम त्यागी को शामिल किया गया है।

दिल्ली से छत्तीसगढ़ जा रहा मजदूर ट्रेन से गिरकर जख्मी

मुरैना। दिल्ली से ट्रेन में सवार होकर बस्तर छत्तीसगढ़ स्थित अपने गांव जा रहा मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से नीचे गिर गया। मजदूर को घायल अवस्था में ग्वालियर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार जीआरपी के जवानों को सोमवार की सुबह मुरैना-बानमोर रेलखंड के बीच सांक स्टेशन पर एक युवक के ट्रेन से गिरकर जख्मी होने की सूचना मिली थी। जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचें और वहां जख्मी हालत में पड़े रामनाथ बघेल 35 पुत्र धनीराम बघेल निवासी बस्तर छत्तीसगढ़ को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि घायल रामनाथ दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता था। सोमवार को अपने गांव जाने के लिए दिल्ली से ट्रेन में सवार हुआ था। सफर के दौरान रामनाथ किन परिस्थितियों में ट्रेन से नीचे गिरा, यह जांच का विषय बना हुआ है।

रसोधना में विद्युत समस्या समाधान शिविर आयोजित

मुरैना/जौरा। विद्युत अधिकारियों के निर्देश पर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सोमवार को रसोधना गांव में विद्युत समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति, लो-वोल्टेज और तार चोरी से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई। सहायक यंत्री पीएस यादव, प्रबंधन सूचना प्रौद्योगिकी मुरैना के यथार्थ दुबे, कनिष्ठ यंत्री सहित विद्युत कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित शिविर में करीब दर्जनभर शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। चार उपभोक्ताओं ने नए बिजली कनेक्शन के आवेदन दिए, जिनकी प्रक्रिया तत्काल पूरी कर दी गई। ग्रामीणों ने विद्युत तार चोरी होने से आपूर्ति बाधित होने की शिकायत भी की। इस पर अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि नए तार उपलब्ध होते ही ठेकेदार को लाइन सुधार के निर्देश दिए जाएंगे।

भटकन दास स्थान पर भागवत कथा का हुआ विशाल भंडारा

सबलगढ़। सबलगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत संतोषपुर में श्री सिद्ध स्थान बाबा भटकन दास के स्थान पर संगीतमयी भागवत कथा का आयोजन दिनांक 17 मई से 24 मई तक किया गया व्यास पीठ पर विराजमान पंडित शत्रुघ्न बालोठिया द्वारा आम जनता को भागवत कथा का रसपान कराया गया वही प्रतिदिन श्री कृष्ण की लीलाओं का चित्रण किया गया भागवत कथा का समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आस पास के 30 गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की इस भागवत कथा में सुरेंद्र सिंह जादौन प्रमोद सिंह जादौन ओमप्रकाश सिंह जादौन लालू जादोन आदि का विशेष सहयोग रहा।

बाढ़ प्रभावित गांवों में दीवारों पर लिखे जाएंगे रेस्क्यू टीम के नंबर

मुरैना। आगामी मानसून को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर अश्विनी रावत ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में तय किया गया कि जिला और तहसील स्तर के कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेंगे तथा उनके दूरभाष नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राहत दलों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक स्थानों और दीवारों पर लिखवाए जाएंगे, ताकि आपात स्थिति में ग्रामीण तुरंत संपर्क कर सकें।

मिलावट रोकने सैंपलिंग बढ़ाएं, टीबी मुक्त अभियान पर रहे फोकस

नवभारत न्यूज

मुरैना, 25 मई। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि टीबी मुक्त भारत और जल गंगा संवर्धन अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए। सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लापरवाही पर नाराजगी जताई।

कलेक्टर ने कहा कि टीबी मरीजों की पहचान और उपचार के लिए नियमित स्क्रीनिंग जरूरी है। उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण डलिया उपलब्ध कराने के लिए रेडक्रॉस में सहयोग राशि जमा करवाई और जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की। पहाड़गढ़ और कैलारस क्षेत्र में कमजोर प्रगति मिलने पर संबंधित बीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग को मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वहीं राजस्व मामलों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण और लापरवाह पटवारियों पर कार्रवाई करने को कहा गया।

बैठक में स्कूलों में अपार आईडी और नामांकन कार्य 15 जून तक पूरा करने, किसानों के लिए उर्वरक वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनाने और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

गोपालपुरा में जुआ खेल रहे 6 जुआरी पकड़े, नकदी जब्त

मुरैना, 25 मई। सिटी कोतवाली पुलिस ने रविवार को शहर के गोपालपुरा इलाके की शर्मा गली में जुए के फड़ पर छापा मारा। मौके पर ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाते हुए 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से नकदी 8 हजार 50 रूपये और ताश की गड्डी जब्त की गई है। जुआरियों में श्यामसुंदर उर्फ अनिल नि. बमरौली, पंजाब सिंह नि. बमरौली, अजय प्रजापति नि. दौनारी, राकेश गुर्जर नि. खटाने का पुरा रंचौली, राहुल उर्फ छिलका, विकास धाकड़ नि. मातावाली गली मुरैना शामिल है।

72 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 25 मई। दिमनी क्षेत्र के ग्राम नावली बड़ागांव निवासी 72 साल के एक व्यक्ति की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरीसिंह राजपूत 62 पुत्र मुरली सिंह राजपूत निवासी नावली बड़ागांव हृदय रोग की बीमारी से पीड़ित थे, सोमवार की सुबह जब वे अपने घर पर थे, उन्होंने दवा का सेवन किया, इस दवा को हरीसिंह रविवार को ही मुरैना शहर से खरीदकर ले गए थे। दवा का सेवन करने के बाद अचानक हरीसिंह की हालत बिगड़ने लगी, तब परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचें। यहां जांच करने के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

नवभारत न्यूज

मुरैना, 25 मई। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि बिना नंबर प्लेट वाले किसी भी वाहन को पेट्रोल, डीजल या सीएनजी न दी जाए। सोमवार को आयोजित बैठक में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला खनिज अधिकारी, जिला आपूर्ति नियंत्रक, परिवहन उप निरीक्षक, एडिशनल एसपी, सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तथा तेल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर मौजूद रहे।

दुष्कर्म-पॉक्सो एक्ट के केस में फरार 2 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 25 मई। देवगढ़ क्षेत्र के ग्राम कलुआपुरा में करीब पांच दिन पूर्व नाबालिगा के साथ हुई दुष्कर्म की घटना में नामजद दो

देवगढ़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए की कार्रवाई

आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 मई को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि विगत 24 मई को नाबालिग पीड़िता की रिपोर्ट पर भोलू पुत्र रामविलास केवट और पिंटू पुत्र राजू केवट निवासी कलुआपुरा सहित अन्य के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही फरार चल रहे आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही थी। 25 मई को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम छिनबरा में हनुमान मंदिर के पास से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। कार्रवाई में एसआई जयपाल सिंह गुर्जर, प्र.आरक्षक विपिन, आरक्षक सुनील शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, रामेन्द्र सिंह शामिल थे।

पोरसा में कट्टा-कारतूस के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

मुरैना, 25 मई। पोरसा पुलिस ने 24 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर धनेटा रोड पर यात्री प्रतीक्षालय के पास से एक बदमाश को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि बदमाश वारदात को अंजाम देने के इरादे से वहां खड़ा हुआ था। पुलिस ने बदमाश के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुशवाह और उनकी टीम शामिल थी।

अटल प्रोग्रेस वे का एलाइनमेंट बदलने पर विजय सभा आयोजित

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 25 मई। अटल प्रोग्रेस एक्सप्रेस हाईवे के अलाइनमेंट को बदलने के आंदोलन में किसान की ऐतिहासिक जीत के अवसर पर मध्य प्रदेश किसान सभा की ओर से गुरु कृपा गार्डन में विशाल विजय सभा का आयोजन किया गया।

विजय सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव देश के जाने-माने किसान नेता बादल सरोज ने कहा कि मोदी सरकार अडानी को बचाने और बढ़ाने के लिए देश की आत्मनिर्भरता और संप्रभुता को दाव पर लगा रही है यह अत्यंत चिंताजनक और निंदनीय है उन्होंने इसके लिए देश को और खेती को बचाने के लिए सभी से आगे जाकर संघर्ष तेज करने की अपील की उन्होंने चंबल के किसानों को अटल प्रोग्रेस वे में एलाइनमेंट बदलने पर संघर्ष में जीत के लिए बधाई दी और सरकार द्वारा बार-बार किसानों को प्रताड़ित करने की निंदा की।

सभा को मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले भी हम चंबल में छह बार संघर्ष करके जीते हैं और आगे भी एकजुट संघर्ष करेंगे लडेंगे और जीतेंगे उन्होंने गांव-गांव में किसान सभा बनाने की संगठन को मजबूत और व्यापक बनाने की अपील की।

सभा को किसान सभा के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह गुर्जर महासचिव नरेश गोस्वामी गयाराम सिंह धाकड़ राजेश जादौन मुकुट बिहारी शर्मा डॉ मुकेश भान सिंह जादौन राम प्रकाश जादौन रामकुमार सक्सेना आदि ने संबोधित किया सभा का संचालन किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुरारीलाल धाकड़ ने किया अध्यक्षता राकेश शुक्ला जसवंत सिंह जादौन शंकर सिंह रावत बबली बाई देवीलाल जाटव ने की।

ग्रीन फील्ड के किसानों के संघर्ष की जीत के लिए उनको शुभकामनाएं दी गयी इसके अलावा किसानों के अन्य मुद्दों के निराकरण की भी सरकार से मांग की।